आयोजन

नवभारत और सेंट्रल क्रॉनिकल है मीडिया पार्टनर , न्यू ईयर पार्टी एवं फिक्स्चर रिवीलिंग सेरेमनी का हुआ भव्य आयोजन

# कड़कड़ाती ठंड में फैशन वॉक ने बिखेरा जलवा

**जबलपुर, नवभारत।** शहर के वियाना स्पोर्ट्स एरीना में आयोजित न्यू ईयर पार्टी एवं फिक्स्चर रिवीलिंग सेरेमनी का शानदार तरीके से आग़ाज़ किया गया इस खास अवसर पर सभी टीमों के कप्तान, प्रेसिडेंट एवं टीम मेंबर्स की गरिमामयी उपस्थिति देखने को मिली। कार्यक्रम की भव्यता को नवभारत एवं सेंट्रल क्रॉनिकल जैसे प्रतिष्ठित मीडिया स्पॉन्सर के रूप में कवर कर रहा है।

### कड़कड़ाती ठंड में फैशन वॉक ने बिखेरा जलवा

कार्यक्रम की शुरुआत स्कूली छात्राओं द्वारा किए गए आकर्षक फैशन वॉक से हुई, जिसका निर्देशन ग्लैम फैशन वर्ल्ड की डायरेक्टर स्वप्निता चौकसे ने किया। विद्यार्थियों की कॉन्फिडेंस और स्टाइल ने सभी दर्शकों का दिल जीत लिया। तत्पश्चात सभी टीम के कप्तानों को उनके उत्कृष्ट योगदान और नेतृत्व के लिए सम्मानित किया गया। कप्तानों के इस सम्मान समारोह ने पूरे आयोजन में उत्साह का माहौल बना दिया। कार्यक्रम में मनोरंजन का स्तर तब और ऊँचा हो गया जब कप्तानों द्वारा धुरंधर मूवी के गाने पर शानदार डांस परफॉर्मेंस दी गई, जिसे दर्शकों से ज़बरदस्त तालियाँ मिलीं।

### डांस परफॉरमेंस, गेम्स ने बांधा समा

डेज़ल डांस स्टूडियो की ओर से पेश की गई एनर्जेटिक डांस परफॉर्मेंस ने मंच पर चार चाँद लगा दिए। मनोरंजन के साथ-साथ सहभागिता बढ़ाने के लिए यहाँ मजेदार गेम्स भी आयोजित किए गए, जिनमें बॉटल पासिंग गेम खास आकर्षण रहा। सभी खिलाड़ियों ने पूरे जोश और उत्साह के साथ इन खेलों में भाग लिया। पूरे आयोजन के दौरान संगीत, मस्ती और जश्न का माहौल बना रहा। इस सफल और भव्य आयोजन की झलकियों को नवभारत और सेंट्रल क्रॉनिकल द्वारा प्रमुखता से कवर किया गया जिससे इवेंट की पहुँच और भी व्यापक हो गई।

### इनका कहना है

मैं वियाना स्पोर्ट्स एरीना की निर्देशक और डब्ल्यूपीएल की आयोजक हूँ। शहर में ये पहला डब्ल्यूपीएल है जिसमें शादीशुदा महिलाएं भाग ले रही हैं।

**तेजल गुप्ता**

मैं नर्मदा टाइगर्स टीम की कैप्टन हूँ। यहाँ सब अलग-अलग आयु वर्ग के होकर भी एक साथ खेल रहे हैं। टीम का समन्वय अच्छा होना चाहिए।

**निष्ठा**

मैं रन राइडर्स टीम से हूँ। मैं डब्ल्यूपीएल में तीसरी बार भाग लेने जा रही हूँ। पहली बार जब मैंने खेला था तब लग रहा था नहीं कर पाउगी लेकिन जोश और जज़्बे के दम पर सब कुछ किया जा सकता है।

**निधि**

मैं एक सरकारी कर्मचारी हूँ। डब्ल्यूपीएल में महिलाओं को खेलने का मौका मिलता है यहाँ मजेदार फूड और एंटरटेनमेंट का धमाका रहता हैं।

**स्वाति**

# भीषण ठंड और कोहरे के बीच दिखा प्रयागराज संगम जैसा दृश्य

भेड़ाघाट में नर्मदा पंचकोशी परिक्रमा व शाही स्नान

**नवभारत, जबलपुर।** हरे कृष्णा आश्रम भेड़ाघाट से आयोजित 470वीं नर्मदा पंचकोशी परिक्रमा एवं शाही स्नान पौष पूर्णिमा के अवसर पर भीषण ठंड व कोहरे के बीच श्रद्धा और भक्ति भाव से संपन्न हुआ। परिक्रमा का शुभारंभ भगवान श्री हनुमान जी महाराज की सूक्ष्म उपस्थिति में संत स्वामी प्रकाशानंद महाराज, रामेश्वरानंद जी महाराज, योगी राजेश महाराज, भोला दास जी महाराज एवं पवन दास जी महाराज के सानिध्य में हुआ।

संकीर्तन, ढोल-नगाड़ों, घोड़ी-शेर प्रदर्शन और 'नर्मदा मैया की जय' के जयकारों के साथ भगवा ध्वज थामे श्रद्धालु शाही स्नान के लिए निकले। हरे कृष्णा आश्रम से सरस्वती घाट तक निकली शोभायात्रा के दौरान सरस्वती घाट पर शाही स्नान हुआ, जहां दृश्य प्रयागराज संगम जैसा प्रतीत हुआ। इस अवसर पर नर्मदा महाआरती के संस्थापक व परिक्रमा अध्यक्ष डॉ. सुधीर अग्रवाल, संरक्षक श्रीमती सुषमा शंकर पटेल, श्याम मनोहर पटेल, दुर्गा पटेल, विनोद दिवान, मनोज गुलाववानी, विनोद विश्वकर्मा, कैलाश विश्वकर्मा सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# गुरु गोबिंद सिंह प्रकाशोत्सव पर आज सर्वत्र बिखरेगा उल्लास

- रागी जत्थों का हुआ आगमन, कारसेवा कर रातभर बनाया गुरु का लंगर

**नवभारत,जबलपुर।** खालसा पंथ के सृजक सिख धर्म के दशमेश पिता गुरु गोबिंद सिंह जी महाराज का पवित्र 359 वा प्रकाशोत्सव गुरुपर्व समारोह आज गुरुद्वारा प्रेमनगर में प्रात: 10.30 बजे से अपराह्न 3 बजे तक भव्य कीर्तन दरबार और गुरु का लंगर आदि आयोजनों के साथ हर्षोल्लास से मनाया जाएगा। इसमें प्रसिद्ध रागी जत्था मनमोहन सिंह दिल्ली एवं विक्रम सिंह इसराना साहिब,

पानीपत हरियाणा प्रात: 11.45 बजे से गुरुवाणी शबद कीर्तन पेश करेंगे। इसके पूर्व अखंड कीर्तनी जत्था, गुरुग्रंथ साहिब भवन एवं महिंदर सिंह मल्होत्रा गुरुवाणी गायन करेंगे ।उधर गुरुद्वारा सदर में प्रात: 7 बजे से 9 बजे तक कीर्तन दरबार लगाया जाएगा । पूर्व संध्या पर प्रेमनगर में बीती रात पहला कीर्तन दरबार लगाकर गुरुपर्व का शानदार आगाज हुआ ।पूर्व मंत्री एवं जबलपुर सिख संगत के अध्यक्ष हरेंद्र जीत सिंह बब्बू, सदर प्रधान नक्षत्र सिंह गिल, प्रभजोत सिंह, लखबीर सिंह, कौमी सिंह, हरिंदर सिंह रेखी, परविंदर सिंह गिल, मदन दुबे एवं आयोजन समिति ने साध संगत से उपस्थिति एवं सहयोग की अपील की है। रांझी में 5 जनवरी को प्रकाशोत्सव गुरुपर्व मनाया जाएगा।

# परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री का आगमन आज

**नवभारत,जबलपुर।** प्रदेश के परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह का रविवार 4 जनवरी को सुबह 11 बजे नरसिंहपुर जिले के ग्राम लोलरी से कार द्वारा जबलपुर आगमन होगा। परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री सिंह सीधे ममानस भवन पहुँचेंगे जहाँ वे वर्ल्ड रामायण कांफ्रेंस में शामिल होंगे। मंत्री श्री सिंह दोपहर 1 बजे गुरुद्वारा मदनमहल में दशम सिख गुरु गोविंद सिंघ जी के प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने के बाद दोपहर 2 बजे कार द्वारा ग्राम लोलरी प्रस्थान करेंगे।

# नर्मदा तट पर कल्पवास का शुभारंभ, निकली भव्य कलश यात्रा

सीताराम संकीर्तन व 108 ध्वजों के साथ मातृशक्तियों ने किया मां नर्मदा का पूजन

**नवभारत,जबलपुर।** अखिल भारतीय मां नर्मदा चैतन्य महाप्रभु लोक कल्याण समिति जबलपुर के तत्वावधान में माघ मास के प्रथम दिवस पर नर्मदा तट स्थित सीताराम आश्रम, सरस्वती घाट भेड़ाघाट में कल्पवास का शुभारंभ भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ। महंत बालयोगी कृष्ण दास महात्यागी जी महाराज एवं साध्वी श्री कल्याणी दासी माता जी के सानिध्य में कल्पवासियों ने 'त्वदीय पद पंकजम नमामि देवी नर्मदे' का जाप करते हुए सीताराम

संकीर्तन के साथ 108 ध्वजों के साथ कलश यात्रा निकाली। यात्रा में बड़ी संख्या में मातृशक्तियों ने सहभागिता करते हुए मां नर्मदा का पूजन-अर्चन किया। समिति के उपाध्यक्ष मोहित तिवारी ने बताया कि विगत 10 वर्षों से प्रयागराज की तर्ज पर संस्कारधानी जबलपुर में नर्मदा तट पर माघ मास कल्पवास का आयोजन किया जा रहा है, जो योगाचार्य डॉ. शिव शंकर पटेल की प्रेरणा से निरंतर संचालित है। आज से संकीर्तनाचार्य पंडित मनमोहन दुबे के मुखारविंद से एक माह तक श्रीमद्भागवत अमृत कथा, सीताराम प्रभात फेरी एवं सीताराम संकीर्तन का आयोजन होगा। पौष पूर्णिमा के अवसर पर समिति द्वारा विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया।

### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में अध्यक्ष श्याम मनोहर पटेल, उपाध्यक्ष मोहित तिवारी, सचिव सुरेश विश्वकर्मा, सह-सचिव दीपक तिवारी सहित नितिन चौबे, भारत सिंह यादव, सुरेंद्र गिरी गोस्वामी, सत्य प्रकाश नामदेव, दुर्गेश कुमार, मनोहर विश्वकर्मा, प्रभाकर चतुर्वेदी, अशोक विश्वकर्मा, छन्नू राम पटेल, विश्वेश्वर पटेल, देवेंद्र नेमा, भागचंद्र कोरी, पप्पू चौबे, विशाल पंड्या, लालजी पटेल, लटोरी राम विश्वकर्मा सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## ए एक नजर में

### जायसवाल समाज का युवक - युवती परिचय सम्मलेन 26 को

**नवभारत, जबलपुर।** जायसवाल समाज, जबलपुर द्वारा स्वजातीय युवक - युवती परिचय सम्मलेन का 41 वां आयोजन 26 जनवरी को सुबह 11 बजे से मदन महल स्टेशन के पास 'उत्सव भवन' में आयोजित किया गया है द्व जिसमे अभी तक 350 बायोडाटा फॉर्म विभिन्न शहरो से प्राप्त हो चुके है। कार्यक्रम में समाज के प्रतिभावान विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक देकर सम्मानित किया जायेगा, बायोडाटा फॉर्म एवं विद्यार्थियों की अंकसूची जमा करने की अंतिम तिथि 15 जनवरी है। प्राप्त बायोडाटा को मिलकर एक पत्रिका का प्रकाशन किया जायेगा, जिसका विमोचन 26 जनवरी को किया जायेगा, साथ की एलई स्क्रीन पर भी दिखाया जायेगा। समाज के केशव जायसवाल, विजय जायसवाल, सुभाष जायसवाल,प्रेम जायसवाल, दीपक जायसवाल, राजेश जायसवाल आइडियल हिल्स, बॉबी जायसवाल, संजीव जायसवाल, शोभित जायसवाल ,संतोष जायसवाल, विनीता राय, किरण जायसवाल, श्वेता जायसवाल, छाया जायसवाल, रोशनी जायसवाल आदि ने कार्यक्रम में उपस्तिथि का आग्रह किया है ।

### तोप गाड़ी निर्माणी सीनियर क्लब की बैठक में मंथन

**नवभारत,जबलपुर।** तोप गाड़ी निर्माणी, सीनियर क्लब जबलपुर में भारतीय आयुध निर्माणी राजपत्रित अधिकारी संगठन की बी .जी .सी .एम . बैठक आयोजित की गई जिसमें संगठन के पदाधिकारियों ने अपने विचार व्यक्त किए । मीडिया प्रमुख उत्तम विश्वास ने बताया कि संगठन के वरिष्ठ संरक्षण सदस्य होरी लाल ने संगठन को मजबूत बनाने और ऊर्जावान बनाने के लिए अपने विचार रखे । बैठक में चुनाव अधिकारी हिमांशु देशपांडे द्वारा संगठन की जनरल बॉडी का गठन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि एवं सभी सदस्यों ने अपनी सर्वसम्मति दी। जनरल बॉडी में नये पदाधिकारी के रुप में सुरक्षा अनुभाग के अधिकारी क .कार्य प्रबंधक धीर सिंह ठाकुर सर्वसम्मति से संयुक्त सचिव निर्वाचित हुए हैं । बैठक के अंतिम चरण में वरिष्ठ पदाधिकारी हिमांशु देशपांडे को उनकी स्वेच्छा सेवानिवृत्ति होने के अवसर पर संगठन के सभी सदस्यों एवं पदाधिकारियों द्वारा भावभीनी विदाई गई। बैठक के दौरान संगठन के वरिष्ठ संरक्षक सदस्य होरी लाल , संजय शर्मा ,पदाधिकारी अध्यक्ष रघुनंदन पटैल ,उपाध्यक्ष ब्रजेश शर्मा, गरजन रामजी ,सचिव देवेन्द्र प्रताप सिंह एवं अन्य सदस्य उपस्थित थे।

### सीजीएचएस डिस्पेंसरी-4 की सलाहकार समिति की बैठक

**नवभारत,जबलपुर।** केंद्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना (सीजीएचएस) डिस्पेंसरी 4 में नगर के सीनियर्स सिटीजनों के विभिन्न संगठनों के सलाहकार प्रतिनिधि एम एन सिंह, अनिल शुक्ला, दिलीप कुंडे, मदन गोपाल शर्मा अर्जुन सिंह के साथ मासिक बैठक आयोजित की गई । प्रतिनिधियों ने मुख्य चिकित्सा प्रभारी अधिकारी डॉ आरपी रावत को पुष्पगुच्छ भेंट करते हुए नव वर्ष की सौहार्दपूर्ण शुभकामनाएं दी। वहीं डॉ आर पी रावत सभी वरिष्ठ जनों का सम्मान करते हुए कहा कि सीनियर्स सिटीजनों को बेहतर से बेहतर इलाज करनस व परामर्श देना हम सब डॉक्टरों का परम कर्तव्य है। डॉ रावत ने पिछले मुददों की समीक्षा,समाधान करते हुए कार्यान्वयन की कार्यवाही से अवगत कराया। वही सलाहकार प्रतिनिधि एम एन सिंह, अर्जुन सिंह, दिलीप कुंडे,अनिल शुक्ला, मदन गोपाल शर्मा ने डॉक्टरों व स्टाफ जनों के सहयोगात्मक कार्य व्यवहार की सराहना कर इलाज,मेडिसन व परामर्श से सम्बंधित महत्वपूर्ण सुझाव दिए। बैठक का संचालन मनोज कुमार व सभी के प्रति प्रदीप सिंह ने आभार व्यक्त किया ।

# अक्षत कलश पूजन कर, संकल्प के साथ निकली शोभायात्रा

**नवभारत,जबलपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर नर्मदा जिला द्वारा प्रस्तावित जिले की 60 बस्तियों में विशाल हिंदू सम्मेलन के निमित्त एक पावन और प्रेरक कलश पूजन कार्यक्रम नर्मदा तट पर प्रारंभ हुआ। माँ नर्मदा के तट पर विधिवत अक्षत कलश पूजन कर, संकल्प के साथ शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें

श्रद्धा, अनुशासन और संस्कार का सुंदर समन्वय देखने को मिला। माँ नर्मदा के पावन तट पर आयोजित अक्षत कलश वितरण कार्यक्रम के अंतर्गत गौ पूजन, कन्या पूजन, भारत माता पूजन एवं माँ नर्मदा की दिव्य आरती के माध्यम से सनातन परंपराओं का भावपूर्ण स्मरण किया गया ।कार्यक्रम में महामण्डलेश्वर स्वामी अखिलेशवरानंद महाराज, पगलानन्द महाराज, उत्तम बैनर्जी, प्रांत प्रचारक ब्रजकांत उपस्थित हुए ।

# आदिवासी सेवा कल्याण महासंघ ने दी सावित्री फुले को श्रद्धांजलि

**नवभारत, जबलपुर।** आदिवासी सेवा कल्याण महासंघ द्वारा प्रधान-व्वालिय न्यू कंचनपुर, शोभापुर में माता सावित्री फुले की जयंती के पावन अवसर पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर माता सावित्री फुले जी के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया गया। कार्यक्रम में महासंघ के अध्यक्ष शंकरलाल गोटिया ने कहा कि आज महिलाएं शिक्षा और उच्च पदों पर जो सम्मान प्राप्त कर रही हैं, वह माता सावित्री फुले जी के संघर्षों का ही परिणाम है। इस अवसर पर राष्ट्रीय संरक्षक शैलेश सिंह लोधी, अशोक गोटिया, विनोद गोटिया, राजेन्द्र गोटिया, प्रकाश गोटिया, हर्ष गोटिया, आनंदीलाल खलीफा, किरण, मीना कोल सहित अनेक पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

# टीम यलो और ब्लू ने जीते मैच

**जबलपुर, नवभारत।** जिला अधिवक्ता संघ जबलपुर के तत्वाधान में उच्च न्यायालय अधिवक्ता संघ जबलपुर एवं हाईकोर्ट एडवोकेट्स बार एसोसिएशन जबलपुर के सहयोग से 16-वां एडवोकेट्स प्रीमियम लीग टी-20 क्रिकेट टूर्नामेन्ट का मैच टीम ब्लैक एवं टीम ब्लू के बीच आयोजित किया गया। जिसमें टीम ब्लू ने 8 विकेट से मैच जीत लिया। इसी क्रम में दूसरा मैच टीम यलो और टीम व्हाइट के बीच आयोजित किया गया, जिसमें टीम यलो ने 19 रन से मैच जीत लिया। इस अवसर पर जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष मनीष मिश्रा, सचिव ज्ञान प्रकाश त्रिपाठी, उपाध्यक्ष मनोज तिवारी, महिला उपाध्यक्ष ज्योति राय, मनोज शिवहरे, विनोद विश्वकर्मा, शैलेन्द्र यादव, रवीन्द्र दत्त, सुदीप सिंह सैनी, प्रशांत नायक एवं अन्य अधिवक्ता मौजूद रहे।

# इंद्रधनुषी रंगों में सृष्टि का दर्शन प्रस्तुत करती है कृतियां

- पाथेय संस्था के तत्वावधान में प्रमोद कुशवाहा की द्वि-दिवसीय एकल चित्र प्रदर्शनी का शुभारंभ

**नवभारत,जबलपुर।** पाथेय संस्था की ओर से कला साधक प्रमोद कुशवाहा की एकल चित्रों की द्वि-दिवसीय प्रदर्शनी का शुभारंभ किया गया। उद्घाटन अवसर पर एस.पी. लोकायुक्त अंजुलता पटले ने कहा कि इंद्रधनुषी रंगों में रची कुशवाहा की कृतियाँ प्रकृति, अध्यात्म, धर्म और दर्शन का सुंदर समन्वय प्रस्तुत करती हैं तथा रंग थेरेपी के माध्यम से जीवन-जगत के संबंधों पर चिंतन

के लिए प्रेरित करती हैं। समारोह की अध्यक्षता डॉ. तनूजा चौधरी ने की। विशिष्ट अतिथि भावना तिवारी (साइबर सेल प्रभारी) ने साइबर सुरक्षा संबंधी जानकारी दी। वरिष्ठ नृत्यांगना कामना नायक, डॉ. दिव्या चौबे एवं दिल्ली से पधारी वरिष्ठ साहित्यकार करुणा शर्मा विशिष्ट अतिथि रहीं। प्रारंभ में प्रतुल श्रीवास्तव ने कलाकार की कला यात्रा पर प्रकाश डाला। समारोह का संयोजन एवं संचालन राजेश पाठक प्रवीण ने किया। इस अवसर पर लायंस क्लब के पूर्व गवर्नर नरेंद्र जैन का अभिनंदन किया गया। विविध संस्थाओं की ओर से डॉ. प्रकाश दुबे, गुरबचन सिंह चोपड़ा, राजेंद्र मिश्रा, सुवीर श्रीवास्तव, अर्चना द्विवेदी, विजय जायसवाल, राजीव गुप्ता, डॉ. रजनीश गर्ग, डॉ. सलमा जमाल ने प्रमोद कुशवाहा को शाल-श्रीफल से सम्मानित किया। अतिथि स्वागत गणेश श्रीवास्तव, राजेश दुबे, रमाकांत गौतम, ज्योति मिश्रा, मनीषा गौतम ने किया। विशेष उपस्थिति में वरिष्ठ जज मीना भट्ट, पुरुषोत्तम भट्ट, आलोक तिवारी, अनु शाह, राजेश सराफ, डॉ. अरुणा, डॉ. अजय गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

रामायण और पर्यावरण संरक्षण पर सारगर्भित चिंतन

# वर्ल्ड रामायण कॉन्फ्रेंस के द्वितीय दिवस पर देश-विदेश के विद्वानों ने रखे अपने विचार

**जबलपुर, नवभारत।** वर्ल्ड रामायण कॉन्फ्रेंस के द्वितीय दिवस के आठवें सत्र में रामायण एवं पर्यावरण: संरक्षण और संवर्धन विषय पर वक्ताओं ने विचार रखे। बांग्लादेश से आए डॉ. सरीन ने कहा कि यदि राम चरितमानस के मूल्यों को व्यवस्थित रूप से समाज में लागू किया जाए तो आधुनिक युग में भी रामराज्य की संकल्पना साकार हो सकती है। वही थाईलैंड की डॉ. करुणा शर्मा ने रामायण के अंतिम क्षणों में रावण (थोसाकन) की मन: स्थिति पर प्रकाश डालते हुए रामचरितमानस और थाई रामायण रामाकियन के अंतर बिंदुओं की विवेचना की।

### जीवन मूल्यों की सार्वकालिक प्रासंगिकता

प्रो. निशा पांडे ने रामायण में निहित जीवन मूल्यों की प्रासंगिकता बताते हुए कहा कि मानस का प्रत्येक पात्र

हमें धर्म, कर्तव्य और राजनीति के संतुलित जीवन का मार्ग दिखाता है। उन्होंने धर्म के पाँच स्तंभों के माध्यम से विकास और धर्म की पुन: स्थापना पर बल दिया। रोम में राम विषय पर श्री नम: शिवाय अरजरिया, जिला पंचायत सीईओ (छतरपुर) ने बताया कि ईसा पूर्व 950-70 ई.पू. के कालखंड की एट्रस्केन सभ्यता की पेंटिंग्स इटली के संग्रहालयों में उपलब्ध हैं, जिनमें रामकथा के संकेत मिलते हैं। उन्होंने विभिन्न देशों की रामायण परंपराओं में पात्रों के दार्शनिक पक्ष पर विस्तार से चर्चा की ।मॉरीशस और थाईलैंड में जीवंत रामायण परंपरा डॉ. वीनू अरुण (मॉरीशस) ने रामायण शोध संस्थान के माध्यम से युवाओं के बीच किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी। वहीं श्री घनश्याम शर्मा ने मॉरीशस को लिविंग रामायण बताते हुए कहा कि वहां विवाह और उत्सवों में भी राम से जुड़े गीत गाए जाते हैं। थाईलैंड से आए मिस्टर किट्टी पोंग ने हिंदी में वक्तव्य देते हुए बताया कि थाई रामायण रामाकियन को बच्चों और युवाओं को नृत्य के माध्यम से सिखाया जाता है तथा रामानंद सागर की रामायण का थाई अनुवाद भी किया गया है।

### न्याय व्यवस्था में रामायण की भूमिका

सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति पंकज गौर ने अपने शोध पत्र में जिला न्यायालय, उच्च न्यायालय एवं सर्वोच्च न्यायालय के निर्णयों के उदाहरण प्रस्तुत करते हुए बताया कि किस प्रकार न्यायालयों ने अपने फैसलों में रामायण के संदर्भों का उपयोग किया है। उन्होंने भारतीय न्याय व्यवस्था में रामचरितमानस की उपादेयता को स्पष्ट रूप से रेखांकित किया। वर्ल्ड रामायण कॉन्फ्रेंस के हॉल-2 में प्रसिद्ध लेखक एवं राजनीतिक विश्लेषक डॉ. शांतनु गुप्ता द्वारा संचालित रामायण स्कूल विशेष आकर्षण रहा। विभिन्न विद्यालयों से आए बच्चों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। डॉ. गुप्ता ने पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से सरल एवं रोचक शैली में संपूर्ण रामायण की प्रासंगिकता समझाई। इस अवसर पर श्रीमती अलका विश्नोई, डा नीना भूपेंद्र उपाध्याय, राजेन्द्र नेमा, अजय तिवारी सहित अनेक शिक्षाविद एवं समिति सदस्य उपस्थित रहे।

### आज आएंगे बिहार के राज्यपाल

चतुर्थ वर्ल्ड रामायण कॉन्फ्रेंस के तृतिय दिवस पर आज प्रात: 11 बजे बिहार के राज्यपाल एवं भारतीय संस्कृति-ज्ञान परंपरा के प्रवाहक आरिफ मोहम्मद का आगमन हो रहा है।

### इनका कहना है

वर्ल्ड रामायण कॉन्फ्रेंस के अभी तक के दोनों दिन बहुत ही उत्तम रहे। बहुत कुछ सीखने को मिला। एक से बढ़कर एक विद्वानों को सुनने का मौका मिला।

**डॉ. शिशिर अग्रवाल**

आज वर्ल्ड रामायण कॉन्फ्रेंस के तीसरे दिन बिहार के राज्यपाल आने वाले है। निश्चित ही ऐसे कार्यक्रम पूरे देश में होते रहने चाहिए।

**प्रवेश खेड़ा**